प्रादेशिक समाचार
28.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने कहा–देश के युवा आज साहस और प्रतिबद्धता को देश–प्रथम की सोच के साथ करते हैं परिभाषित, भारत के युवाओं को बहुत भरोसे से देखती है दुनिया।
2. राज्य में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरु, कल से चार फरवरी तक कड़ी सुरक्षा के बीच भरे जायेंगे नामांकन पत्र।
3. नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र ने झारखंड में ग्रामीणों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर दिया जोर, कहा–ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की जरुरत।
4. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर झारखंड में भी शोक, राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने व्यक्त की संवेदनाए।
5. 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम का शानदार प्रदर्शन, अंडर–19 फुटबॉल में स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के युवा आज साहस और प्रतिबद्धता को देश–प्रथम की सोच के साथ परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में आज वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा आंदोलन है जो भारत के युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित संवेदनशील नागरिक बनाता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत के युवाओं को बहुत भरोसे से देखती है और यह उनके कौशल और संस्कृति के कारण है।

****************

राज्य में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। कल से चार फरवरी तक कड़ी सुरक्षा के बीच राज्य के सभी 48 निकाय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 23 फरवरी को मतदान और 27 फरवरी को मतगणना होगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होते ही सभी जिलों में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी है। धनबाद में मेयर, वार्ड पार्षद और चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष और सदस्य पदों के लिए नामांकन समाहरणालय भवन में ही होंगे, जिसके लिए अलग–अलग कमरे निर्धारित किए गए हैं। उप विकास आयुक्त ने बताया कि नामांकन और सुरक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

****************

इधर, कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने निकाय चुनाव को लेकर बताया कि झुमरी तिलैया नगर परिषद, कोडरमा और डोमचांच नगर पंचायत में चुनाव होंगे। कोडरमा जिला प्रशासन ने नामांकन के लिए अंचल व नगर पंचायत कार्यालयों को केंद्र बनाया है।

****************

रांची में नीति आयोग और ग्रामीण विकास विभाग ने आज जनजातीय आजीविका सशक्तीकरण पर एक कार्यशाला आयोजित की। सचिव मुकेश कुमार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। वहीं, नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र ने पलायन रोकने और सतत विकास के जरिए ग्रामीणों को सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई।

****************

महाराष्ट्र के बारामती में चार्टर्ड प्लेन हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर झारखंड में शोक व्याप्त है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा समेत तमाम नेताओं ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

****************

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। एक फरवरी को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण देश का आम बजट पेश करेंगी। इधर सत्र की शुरुआत में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में संबोधन हुआ। इस दौरान राष्ट्रपति ने सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्यक्रमों से सदन को अवगत कराया और विकसित राष्ट्र का खाका पेश किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की नीति के अनुरूप सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है।

****************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में  बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

****************

खूंटी पुलिस ने चर्चित पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड के मुख्य शूटर सुमित दंगल सांड सहित 6 और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो  ने बताया कि अब तक इस मामले में कुल 14 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार और कारतूस समेत कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि हत्या का मुख्य कारण जमीन विवाद था।

****************

महाराष्ट्र पुलिस ने रामगढ़ जिले से एक व्यक्ति को उन्नासी लाख रुपये की साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाते में 49 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे, जिसमें से 15 लाख रुपये होल्ड कर दिए गए हैं। रामगढ़ पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

****************

राज्य में मौसम का मिजाज बदल रहा है और तापमान धीरे–धीरे बढ़ रहा है। वर्तमान में कांके और पाकुड़  को छोड़कर बाकी जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। 30 दशमलव चार डिग्री सेल्सियस के साथ आज चाईबासा सबसे गर्म रहा।

****************

इंफाल में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर–19 बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। 23 से 28 जनवरी तक चली इस स्पर्धा के रोमांचक फाइनल में झारखंड ने मेजबान मणिपुर को 1–0 से हराया। टीम की स्टार खिलाड़ी काजल कुमारी ने निर्णायक गोल दागा। झारखंड टीम की इस सफलता पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के खेल पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

********समाप्त*********